प्रेस नोट

थाना सीपरी बाजार, झाँसी

दिनांक 16.04.2025

आईपीएल में आनलाईन सट्टा लगाने के संबंध में पूर्व में थाना सीपरी बाजार पर पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

कब्जे से सट्टे में उपयोग होने वाले 02 मोबाईल फोन, लैपटाप व 34,200/- रूपये बरामद-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम द्वारा आज दिनाँक 16.04.2025 को सट्टा किंग अभियुक्त धर्मेन्द्र साहू पुत्र स्व0 वृन्दावन साहू निवासी नगरा , थाना प्रेमनगर जनपद झांसी उम्र करीब 37 वर्ष को सट्टे में उपयोग होने वाले 02 मोबाईल फोन, 01 लैपटाप व 34,200/- रूपये नगद सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनाँक 31.03.2025 थाना सीपरी बाजार पुलिस टीम व एस०ओ०जी० पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में प्लेटिनम अपार्टमेण्ट थर्ड फ्लोर, सर्वनगर चौकी क्षेत्र चमनगंज थाना सीपरी बाजार जनपद झांसी से वर्तमान में चल रहे आईपीएल मैच में आनलाईन साईट tvspro99.com के माध्यम से हार-जीत की बाजी लगाते हुए 05 अभियुक्तों गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया था कि उनका आनलाईन सट्टा खेलने व खिलाने का संगठित गिरोह है, जिसका सरगना धर्मेन्द्र साहू पुत्र वृन्दावन निवासी नगरा थाना प्रेमनगर जिला झाँसी सहित 06 अन्य सदस्य है। जो मौके से फरार थे। उपरोक्त सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरूद्ध थाना सीपरी बाजार में मु0अ0सं0 121/2025 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम व धारा 112 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कई पुलिस टीमें गठित की गयी थी।

जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये आज दिनाँक 16.04.2025 को समय 03.35 A.M. बजे पहुंज नहर से गढ़ियागांव जाने वाली सड़क पर गोकुलपुरी पुलिया से कुछ दूर चौकी क्षेत्र मसीहागंज थाना सीपरी बाजार, झांसी से अभियोग उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सट्टा किंग धर्मेन्द्र साहू पुत्र स्व0 वृन्दावन साहू नि0 नगरा, थाना प्रेमनगर जनपद

झांसी उम्र करीब 37 वर्ष को सट्टे में उपयोग होने वाले 02 मोबाईल फोन, 01 लैपटाप व 34,200/- रूपये नगद सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अभियुक्त धर्मेन्द्र साहू उपरोक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि उसका आनलाईन सट्टा खेलने व खिलाने का संगठित गिरोह है, जिसमें वे लोग tvspro99.com आनलाईन साईट के माध्यम से वर्तमान में चल रहे आईपीएल मैच में सट्टा खिलवाते हैं। उक्त वेबसाइट शुभम गुप्ता पुत्र ए0के0 गुप्ता निवासी 04 पीस प्वाईंट, लिम्बोड़ी इन्दौर (म0प्र0) ने बनाकर दी है। वह उक्त आनलाईन साइट का एडमिन तथा राजू झां नि0 नगरा उक्त आनलाईन साईट का मिनी एडमिन है। धर्मेन्द्र साहू को प्रत्येक मैच के लाभ का 3% मिलता है। दिनांक 31.03.2025 को पकड़े अभियुक्त 1. अजय मिश्रा, 2. अतुल गुप्ता, 3. अनुज पटेल, 4. शशांक दीक्षित, 5. जय सिंह उर्फ राजा गुर्जर ग्राम प्रधान पुनावली इसी के एजेन्ट थे तथा इनके अतिरिक्त 1. अभिषेक राय पुत्र बृजमोहन निवासी एसएम टावर के पास इलाइट चौराहा थाना नवाबाद जिला झाँसी 2. सोमेश राय उर्फ सोमेश शिवहरे पुत्र अज्ञात निवासी शिवाजी नगर थाना नवाबाद झाँसी 3. आकाश ठाकुर उर्फ शिवू पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात 4. दीपेश राजपूत पुत्र अज्ञात निवासी कस्बा व थाना चिरगांव झाँसी 5. निष्कर्ष चतुर्वेदी पुत्र अज्ञात निवासी खैलार थाना बबीना जिला झाँसी 6. राजू झाँ पुत्र अज्ञात निवासी नगरा थाना प्रेमनगर झाँसी अन्य शामिल सदस्य हैं। जो फरार हैं।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

अभियुक्त धर्मेन्द्र साहू पुत्र स्0 वृन्दावन साहू नि0 नगरा , थाना प्रेमनगर जनपद झांसी उम्र 37 वर्ष

<u>बरामदगी-</u>

सट्टे में प्रयोग होने वाले 02 मोबाईल फोन, 01 लैपटाप व 34,200/- रूपये नगद

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण</u>

1. उ0नि0 नकुल सिंह, थाना सीपरी बाजार, झाँसी
2. का0 98 धारा सिंह, थाना सीपरी बाजार, झाँसी
3. का0 868 पंकज चाहर, थाना सीपरी बाजार, झाँसी
4. का0 490 नवीन कुमार, थाना सीपरी बाजार, झाँसी